**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1852**
**बुधवार, 10 मार्च, 2021/19 फाल्गुन, 1942 (शक)**

## रोज़गार कार्यालयों का उन्नयन

**1852. श्री सैयद जफर इस्लामः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रोज़गार कार्यालयों के उन्नयन का विचार रखती है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार इस संबंध में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए अनुरोधों पर विचार करने के प्रस्ताव करती है; और
(घ) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) से (घ): सरकार रोजगार मिलान, आजीविका परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना इत्यादि जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। इस परियोजना के तहत, सरकार रोजगार कार्यालयों के आदर्श करियर केंद्रो में उन्नयन हेतु 50 लाख रु. तक की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। फिलहाल सरकार ने 200 आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) को संस्वीकृत किया है, जिसमें से 24 आदर्श करियर केंद्रों को उत्तर प्रदेश में संस्वीकृत किया गया है। उत्तर प्रदेश में 24 रोजगार कार्यालयों के एमसीसी में उन्नयन हेतु 6.28 करोड़ रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है।

इसके अलावा, एनसीएस परियोजना के इंटरलिंकिंग घटक के तहत रोजगार कार्यालयों को एनसीएस के साथ जोड़ने के लिए तथा रोजगार मेलों का आयोजन करने हेतु उत्तर प्रदेश को 6.29 करोड़ की धनराशि भी जारी की गई है।

*****